## न्यूज ब्रीफ

### खड़ी वैन में डीसीएम ने मारी टक्कर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा में शुक्रवार शाम डीसीएम की टक्कर से एक मारुति वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय वाहन में कोई सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताते हैं कि बंथरा गांव निवासी नंद लाल शुक्रवार को मारुति वैन से सरोजनीनगर गए थे। शाम करीब 5 बजे लौटकर उन्होंने बंथरा स्थित राजपूत नर्सिंग होम के पास कानपुर रोड किनारे गाड़ी खड़ी कर दी और दवा लेने व हनुमान मंदिर चले गए। इसी दौरान डीसीएम ने खड़ी वैन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

### बुजुर्ग को डंडे से पीटा वीडियो वायरल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र से एक बुजुर्ग की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। वीडियो में एक व्यक्ति 70 वर्षीय बुजुर्ग बाबूलाल कनौजिया को उन्हीं के डंडे से बेरहमी से पीटता नजर आ रहा है। पीड़ित बाबूलाल ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 11:30 बजे वह अपनी बकरी चरा रहे थे। तभी उनकी एक बकरी उनके मोहल्ले में ही रहने वाले आरोपी सियाराम के खेत में चली गई। इसी बात पर सियाराम ने उन्हें अपने पास बुलाया और उनका डंडा छीनकर पिटाई शुरू कर दी। बाबूलाल का कहना है कि खेत में गेहूं की कटाई हो चुकी थी और वहां कोई फसल भी नहीं थी, बावजूद इसके उन्हें बुरी तरह मारा गया। पिटाई के दौरान डंडा भी टूट गया। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### ट्रक में घुसी बेकाबू ऑटो, पांच घायल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बेकाबू ऑटो सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में ऑटो पर सवार दो मासूम बच्चियां, उनके माता-पिता व ऑटो चालक चोटिल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। चालक मोहम्मद हफीज शुक्रवार को अपना ऑटो लेकर सरोजनीनगर के नादरगंज से उन्नाव के सोहरामऊ जा रहा था। ऑटो में सोहरा मऊ निवासी जतिन (35), उनकी पत्नी गरिमा (30), उनकी बेटी अंशिका (7) और उर्वशी (5) सवार थे। दोपहर करीब 1 बजे ऑटो अनियंत्रित होकर बंथरा थाने से पहले पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। इस हादसे में ऑटो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ उसका शीशा टूट गया और उस पर बैठे लोग उसमें दबकर चोटिल हो गए।

### दो आरएमसी प्लांट, चार निर्माण सील

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को मड़ियांव व सैरपुर में अभियान चलाकर दो आरएमसी प्लांट समेत छह अवैध निर्माण सील किये। वहीं, गोसाईंगंज में न्यू जेल रोड पर लगभग 40 बीघा में बिना लेआउट पास की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि गगन सिंह, मंजीत सिंह, शिवम मिश्रा, तारिक व अन्य द्वारा मड़ियांव, प्रबंध नगर में यादव चौराहे के पास लगभग 400 वर्गमीटर में आरएमसी प्लांट संचालित किया जा रहा था। इसी तरह एसआईपीएल के प्रबंधक पवन सिंह व अन्य द्वारा यादव चौराहे के पास लगभग 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आरएमसी प्लांट संचालित किया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से निर्माण और संचालन करने पर दोनों प्लांट को सील कर दिए। मड़ियांव व सैरपुर में याकूब, देशराज अग्रवाल, शिवेन्द्र मिश्रा, गोपाल अग्रवाल व अन्य द्वारा निर्मित किये जा रहे चार व्यावसायिक सील किए।

# सिर्फ कीमती वस्तुओं की मांग से नहीं सिद्ध होता दहेज हत्या का अपराध: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- बंथरा के मामले में सुनवाई करते हुए एकल पीठ ने पारित किया आदेश

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए स्पष्ट किया है कि दहेज़ के रूप में कीमती वस्तुओं या संपत्ति की सिर्फ मांग से दहेज़ हत्या का अपराध घटित हुआ नहीं माना जा सकता। जब तक की मृतक महिला पर उत्पीड़न या क्रूरता से जुड़ी घटनाओं की स्पष्ट कड़ियां सिद्ध न हो। कोर्ट ने कहा कि दहेज़ मृत्यु के अपराध को सिद्ध करने के लिए मृत्यु और दहेज़-जनित क्रूरता या हिंसा के बीच ठोस संबंध को सिद्ध करना आवश्यक है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने मेवालाल व दो अन्य की अपील पर पारित किया। लगभग 27 साल पुराने इस मामले में अपीलार्थियों ने सत्र अदालत द्वारा उन्हें सुनाई गई सात वर्ष की सजा और दोष सिद्धि को चुनौती दी थी। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के अपीलार्थी संख्या 2 की पत्नी की वर्ष 1999 में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। उसके ससुर ने विरुद्ध दहेज की मांग न पूरी होने पर जहर देकर मृतका की हत्या कर दी। अपील की सुनवाई में अभियुक्तों की ओर से दलील दी गई कि मृतका के शरीर पर कोई चोट नहीं मिली थी। पोस्टमॉर्टम की विसरा रिपोर्ट से ज़हर का कोई प्रमाण नहीं मिला। कोर्ट ने अपने निर्णय में प्राकृतिक मौत और अन्य कारणों से मृत्यु की विवेचना में अंतर स्पष्ट किया। कोर्ट ने कहा कि यदि मौत सामान्य परिस्थितियों से परे नहीं है लेकिन उसका कारण भी अस्पष्ट है, तो वह दहेज मृत्यु से संबंधित धारा 304-B आईपीसी के दायरे में नहीं आएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि साक्ष्य, पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट और चिकित्सक की राय को ध्यान में रखते हुए, मौत की अप्राकृतिक परिस्थितियों में हुई मौत साबित नहीं हुई। दहेज़-उत्पीड़न और क्रूरता के बीच सीधा संबंध होना आवश्यक है, सिर्फ दहेज की मांग या बातचीत पर्याप्त नहीं है।

### पारिवारिक विवाद को 'सेक्स रैकेट' से जोड़ने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद को सनसनीखेज आरोपों के माध्यम से 'सेक्स रैकेट' से जोड़ने के प्रयास पर कड़ी आपत्ति जताते हुए स्पष्ट किया कि न्यायालय का मंच व्यक्तिगत वैमनस्य या चरित्रहनन के लिए नहीं है। कोर्ट ने कहा कि बिना ठोस और विश्वसनीय साक्ष्यों के केवल आरोपों के आधार पर न तो पुलिस जांच का आदेश दिया जा सकता है और न ही एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश। साथ ही, न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि इस प्रकार के निराधार, अपमानजनक और भ्रामक आरोप न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं, जिन्हें किसी भी स्थिति में संरक्षण नहीं दिया जा सकता। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने शिवराम की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची ने अपनी पत्नी और बेटियों पर अनैतिक गतिविधियों तथा शहर में कथित सेक्स रैकेट से जुड़े होने के आरोप लगाए थे।

### बच्चा न होने के तानों से परेशान महिला ने दी जान

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** शादी के नौ वर्ष बाद भी बच्चा न होने से परिजन व समाज के तानों से परेशान विवाहिता ने शुक्रवार को फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रहीमाबाद के नई बस्ती गांव निवासी मजदूर हरिचरन बेटा हृदेश कारपेंटर है। वर्ष 2017 में उसकी शादी सुनीता (35) से हुई थी। बच्चा न होने से सुनीता परेशान रहती थी। शुक्रवार को बेटा पति के लिए लखनऊ शहर गया था, अन्य लोग मजदूरी करने। सुनीता घर पर थी। दोपहर में सास ससुर आए तो सुनीता का कमरा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर वह नहीं बोली तोखिड़की से झांककर देखा, अंदर छत में लगे कुंडे से दुपट्टे से बने फंदे पर सुनीता का शव लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। मायके पक्षों के लोगों का आरोप है कि सुनीता के बच्चे न होने पर ससुरालवाले और नाते-रिश्तेदार से अक्सर ताने दिया करते थे। इसी तनाव में सुनीता ने फंदा लगाया है। रहीमाबाद पुलिस ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के बच्चे न होने से वह काफी परेशान रहती थी। जिसके चलते उसने फंदा लगा लिया है। मायके पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# भांजे के प्रेम में दिवानी मामी ने रोटी में जहर देकर सास को मार डाला

## पत्नी की हरकतों पर शक होने पर पति ने की पड़ताल तो घर में मिली जहर वाली रोटी

संवाददाता, काकोरी

- बीमारी से मौत मान कर परिवार वालों ने शव को दफनाया
- पूछताछ में हुआ परिवार को खत्म करने की साजिश का खुलासा
- शव कब्र से निकालने के लिए जिलाधिकारी से मांगी अनुमति

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के इब्राहिमगंज गांव में प्रेम प्रसंग के चलते विवाहिता ने रोटी में जहर देकर सास की हत्या कर दी। विवाहिता और उसके प्रेमी ने पूरी परिवार की हत्या की साजिश रची थी, लेकिन पत्नी की हरकतों से बेटे को शक हो गया। पड़ताल के बाद घर में जहर मिली रोटी का टुकड़ा भी मिल गया। सख्ती से पूछताछ करने पर बहू से सच उगल दिया। मृतका के बेटे ने पत्नी व भांजे के खिलाफ काकोरी थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि शव को कब्र से निकलवाने के लिए जिलाधिकारी से पत्राचार किया गया है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है, भांजे की तलाश की जा रही है।

मोहान रोड स्थित इब्राहिमगंज गांव मनोज रावत की शादी करीब चार वर्ष पहले बंथरा के लाला खेड़ा गांव की शालिनी रावत से हुई थी। दंपति का तीन वर्षीय बेटा है। मनोज ने बताया कि 5 अप्रैल की रात मां शांति देवी (65) को शालिनी ने खाना दिया था। रोटी खाने के बाद शांति को उल्टियां होने लगी। मनोज उनको डॉक्टर के पास ले गया। वहां दवा देने के बावजूद हालत में सुधार न होने पर जुनाबगंज इलाके में क्लीनिक पर ले गया। वहां डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया और ग्लूकोज चढ़ाया। कुछ राहत मिली, लेकिन फिर तबीयत बिगड़ने लगी। डॉक्टर के कहने पर मनोज मां को निजी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने शांति को मृत घोषित कर दिया गया। परिवार ने बीमारी से मौत होना मानकर परिवार वालों ने 6 अप्रैल को शव को गांव में ही दफना दिया।

मनोज ने बताया कि मां की मौत के बाद से शालिनी की हरकतों से उस पर शक हो रहा था। 9 अप्रैल को परिवार के किशोर ने बताया कि शालिनी ने कीटनाशक की दुकान से जहरीली दवा मंगाई थी। इस पर मनोज ने पत्नी से मां को खिलाई गई रोटी के बारे में पूछा, तो उसने रोटी फेंकने की बात कही। खोजबीन के दौरान कमरे में रखी मौरंग में बची हुई रोटी मिली गई।रोटी जहर के कारण काली पड़ चुकी थी। रोटी को सबूत के तौर पर सामने रखने और परिजनों की कड़ी पूछताछ के बाद शालिनी ने सच उगल दिया। मनोज ने ग्राम प्रधान को बुलाया। प्रधान ने घर आकर शालिनी से पूछताछ की। तब उसने बताया कि करीब दो महीने से उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम बरहा ज्ञानपुर निवासी ननद के बेटे (भांजे) करन से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों साथ में रहना चाहते थे। करन ने एक-एक पूरे परिवार को जहर देकर हत्या करने के लिए कहा था। एक साथ जहर देकर हत्या करने पर शक हो जाएगा। करन के कहने पर ही शालिनी ने सास को रोटी में जहर खिलाकर हत्या कर दी। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम ने मौके से नमूने एकत्र किए हैं। संदिग्ध रोटी को कब्जे में ले लिया गया है।

### पति व ससुर भी थे निशाने पर


आरोपी बहू।

आरोपी शालिनी ने कबूला कि ससुर दिर्गज रावत और पति मनोज को भी जहर देकर मारने की योजना था। करन संग प्लॉन किया था कि पूरे परिवार को मारने के बाद प्रॉपर्टी पर कब्जा कर साथ में रहेंगे। इंस्पेक्टर सतीश चंद राठौर ने बताया कि 10 अप्रैल को पीड़ित मनोज ने तहरीर दी। जिसके बाद पत्नी शालिनी और भांजे करन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। शालिनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी करन की तलाश की जा रही है।

### 300 से अधिक कैमरे खंगाले, शिनाख्त नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी इलाके में हत्या कर फेंकी गयी 35 वर्षीय महिला के शव की शिनाख्त 24 घंटे बाद भी नहीं हो सकी है। शुक्रवार को पारा से एक परिवार शिनाख्त के लिए थाने पहुंचा। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने फोटो व अन्य चीजें दिखायी। उसके बाद पोस्टमार्टम हाउस भेजा लेकिन परिजन ने पहचानने से इंकार कर दिया। पुलिस अभी तक करीब 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। कैमरे में कई गाड़ियां दिखी हैं। छानबीन की जा रही है।थाना क्षेत्र के इब्राहिमगंज मदारपुर गांव के बाहर गुरुवार सुबह 8 बजे रफीक के खेत में महिला का खून से लथपथ अर्द्धनग्न हालत में शव पड़ा मिला था। महिला का शव एक कथरी में लिपटा हुआ था। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की थी कि दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की गयी। महिला से सिर और शरीर से खून भी निकल रहा था। महिला के पूरे शरीर पर नीले निशान पड़े हुए थे। जिसे देखकर लग रहा था कि महिला को बुरी तरह पीटा गया होगा। शव के पास एक प्लास्टिक का पाइप और ईंट पड़ी हुई थी। आशंका है कि महिला के सिर पर ईंट या किसी अन्य भारी चीज से वार कर हत्या कीगई। इंस्पेक्टर ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा समेत 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए गए हैं। फुटेज में दिखे संदिग्ध वाहनों के बारे में पता किया जा रहा है। उनका कहना है कि कुछ और परिवारों ने शिनाख्त के लिए सम्पर्क किया है। शव की पहचान न होने पर 72 घंटों बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।



उप्र हिंदी संस्थान के निराला सभागार में इरशाद राही के नाटक संग्रह कांच पर चलते लोग का विमोचन करते उपभोक्ता फोरम की जज जूही कुद्दूसी, सुशील कुमार सिंह, पद्मश्री डॉ अनिल रस्तोगी, सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ और अन्य। अमृत विचार

# सराफा कारोबारी को लूटने वाले सरकारी शिक्षक दंपति गिरफ्तार

संवाददाता, माल


सराफा कारोबारी से लूट के आरोपी।

**अमृत विचार:** माल के जेहटा मार्ग पर सराफा दंपति से पांच लाख रुपये लूटने वाले शिक्षक दंपति व उसका भाई गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले का खुलासा माल पुलिस ने शुक्रवार को किया। घटना को लूट व ठगी करने वाले सरकारी शिक्षक दंपति ने भाई के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से आठ मोबाइल, कार, नकली जेवर और अन्य सामान बरामद किया है।

एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे के मुताबिक काकोरी के कुशमौरा निवासी सुभाष चंद्र मौर्य की कटरा बाजार में "समर ज्वैलर्स" नाम से दुकान है। उन्होंने पांच अप्रैल को माल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि वह पत्नी मिथलेश के साथ स्कूटी से चौक सर्राफा बाजार जा रहे थे। रास्ते में जेहटा पुल से पहले कार सवार लोगों ने उनसे पता पूछने के बहाने रोका। इसी दौरान उनकी पत्नी के पास रखे बैग से पांच लाख रुपये लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने लूट के मामले में जांच शुरू की। माल पुलिस और क्राइम टीम ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर शुक्रवार को काकराबाद अंडरपास के पास से वजीरगंज के गोलागंज निवासी मो. अफसर, उसकी पत्नी दानिशा फातिमा और भाई मो. अजमल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने सराफा कारोबारी को कम कीमत में सोना बेचने का झांसा देकर जाल में फंसाया था। उन्होंने पहले असली सोने का एक छोटा टुकड़ा दिखाकर विश्वास जीता। इसके बाद डील के दिन नकली जेवरात लेकर पहुंचे। जब सर्राफ को शक हुआ और उन्होंने सौदा रद कर दिया। इसके बाद मौका देखकर आरोपी बैग में रखे पांच लाख रुपये उड़ा दिए और कार से भाग निकले।

**करा रखा है 50 लाख का लोन**

एसीपी सुजीत दुबे के अनुसार, आरोपी लंबे समय से ठगी व टप्पेबाजी करते हैं। उनके पास से दो सोने के कंगन, 29 हजार रुपये नकद, 1.90 लाख रुपये जमा करने की पर्चियां, 16 सिम कार्ड और दस नकली जेवरात बरामद हुए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि मो. अफसर और उसके भाई के खिलाफ विभिन्न जिलों में पहले से कई मामले दर्ज हैं।

# चोरी का सामान बेचते तीन धरे गए, माल बरामद

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** टीपीनगर में गुरुवार रात चोरों ने गैरेज के सामने खड़े कई वाहनों से वायरिंग और ऑटो पार्ट्स चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह आरोपी चोरी का सामान पास की ही एक कबाड़ी की दुकान पर बेचने पहुंच गए, जहां पीड़ितों की सतर्कता से तीनों चोर पकड़ गए। आरोपियों की धुनाई कर सरोजनीनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

लाल बहादुर पाल ने बताया कि उनके घर के सामने खड़े तीन भारी वाहनों की वायरिंग और तार रात में चोरी हो गए। सुबह जब उन्होंने वाहन देखे तो वायरिंग पूरी तरह गायब थी। इसी तरह बदाली खेड़ा की पंचम विहार कॉलोनी निवासी कमल सिंह के मोटर कारखाना से कई कीमती पार्ट्स चोरी कर लिए गए। शुक्रवार सुबह गैरेज के पास स्थित एक कबाड़ी की दुकान पर तीन युवक संदिग्ध हालात में लोहे का सामान बेचते दिखे। शक होने पर लाल बहादुर और कमल सिंह मौके पर पहुंचे और सामान की पहचान कर ली। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तीनों संदिग्धों को दौड़ाकर पकड़ लिया।

# टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत, परिवारीजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रहीमाबाद के गहदो गांव में बच्चों को लगवाया गया था टीका
- शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया

**अमृत विचार:** रहीमाबाद के गहदो गांव में टीकाकरण के चार दिन बाद दो माह के बच्चे की मौत हो गई। नाराज परिवारीजनों ने हंगामा किया। परिवारीजनों ने मामले की जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रहीमाबाद इलाके के गहदो गांव में छह अप्रैल को आशा शांति टीका लगवाने के लिए मोहल्ले के लोगों को बुलाकर ले गई थी। गांव में ही एएनएम ने कई बच्चों को टीका लगाया। टीका लगने के बाद दो माह के मासूम मोहम्मद उमर के साथ कई बच्चों को बुखार आ गया था। पिता साहिल अहमद का आरोप है कि टीकाकरण के बाद से उमर को तेज बुखार चढ़ गया था। एएनएम ने बुखार की दवा भी दी थी। दवा खिलाई। इसके बावजूद बुखार ठीक नहीं हुआ। शुक्रवार सवेरे मोहम्मद उमर की तबीयत बिगड़ गई। उसके नाक से खून आया। थोड़ी देर बाद उसकी सांसें थम गईं। उमर की मौत से घर में कोहराम मच गया। परिवारीजनोंका बुरा हाल है। नाराज परिवारीजनों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पिता साहिल ने मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायत को तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक मेरे बेटे उमर का टीकाकरण हुआ था। शुक्रवार सवेरे मोहम्मद उमर की मौत हो गई है। पीएम करवाकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है। मां शबाना ने बताया कि एक बेटा ओमान दो साल का है। जबकि दूसरा बेटा इस दुनिया में नहीं रहा। टीकाकरण करने वाली एएनएम और दवाओं की जांच करके कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने कहा कि उमर के साथ आठ बच्चों का टीकाकरण हुआ था। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है। बाकी दो बच्चों को बुखार आया है। जिन्होंने माल सीएचसी से इलाज कराया। अब वे सभी ठीक हैं। उमर की मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### कई बच्चों की तबीयत बिगड़ी, सीएचसी में भर्ती

गहदो गांव के इमरान (9) माह, अलीजा (18) माह, आकर्ष (18) माह पवन कुमार का (एक) माह के बेटे की तबीयत बिगड़ी तो परिजन माल सीएचसी लेकर गए। बुखार से पीड़ित चार बच्चों का इलाज चल रहा है।

### सीएचसी माल की टीम मौके पर पहुंची

सीएचसी माल के डॉ. उमेश शंकर, राज सिंह वैक्सीन इंचार्ज ने बताया कि डब्लूएचओ के नियम के तहत जो भी टीके डेढ़ माह में लगाए जाते हैं। वहीं चार टीके लगाए गए हैं। टीके लगने के बाद बुखार आता है। एएनएम रमाकांति ने बच्चों को टीका लगाया था। टीका या उनके लगाने में गड़बड़ी की बात से डॉक्टरों ने इनकार किया है।

राहत | महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंडी में नुकसान का लिया जायजा

# बाराबिरवा मंडी का पुनरुद्धार कराएगा लखनऊ विकास प्राधिकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महापौर ने नुकसान की सूची बनाने के लिए कहा

**अमृत विचार :** कृष्णा नगर में फिनिक्स मॉल के पीछे आग से तबाह हुई बाराबिरवा फल और सब्जी मंडी का लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) पुनरुद्धार कराएगा। शुक्रवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंडी में जायजा लेकर व्यापारियों से नुकसान की जानकारी ली। इसके बाद वहीं से एलडीए प्रथमेश कुमार से फोन पर बात की, जिसमें उपाध्यक्ष ने मंडी का पुनरुद्धार की जिम्मेदारी ली।

दुकानदारों ने महापौर को बताया कि दुकानें जलने से नुकसान तो हुआ ही, कारोबार भी ठप हो गया है। इससे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

महापौर ने फोन पर बातचीत में एलडीए उपाध्यक्ष से कहा कि प्रभावित व्यापारियों को जल्द से जल्द राहत मिलनी चाहिए। दुकानदारों को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन उनके साथ है। महापौर ने जिन दुकानों को नुकसान हुआ है उनकी सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए।

### सरसवा गांव में आग से 12 बीघा गेहूं की फसल राख


खेत में पड़ी गेहूं फसल की राख।

अमृत विचार, बख्शी का ताला : बख्शी का तालाब तहसील स्थित सरसवा गांव में शुक्रवार दोपहर आग लगने से करीब 10 किसानों की 12 बीघा गेहूं की सफल जलकर राख हो गई। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया था। ग्रामीणों के अनुसार आग रामकरन के खेत में लगी। इसके बाद अन्य किसानों के खेतों तक फैल गई। आग की ऊंची लपटें देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना देने के बाद पेड़ों की टहनियां और झाड़ियों का सहारा लेकर आग को पीट-पीटकर बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने जब तक आग पर काबू किया तब तक 12 बीघा फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। कुछ देर बाद पहुंचीं दमकल की दो गाड़ियां रास्ता खराब होने से खेतों तक नहीं पहुंच पाईं। आग से विद्यावती, शिवराम, इरफान बेग, जगदीश, रामगोपाल, रामकुमार, रामकरन, नवमी लाल, सुशील मिश्रा, अतुल मिश्रा, नीरज मिश्रा समेत 12 किसानों की फसल जलकर स्वाहा हो गई। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन किया। कानूनगो राजेंद्र कुमार और लेखपाल संतराम ने बताया कि करीब 12 बीघा फसल जलने की पुष्टि हुई है तथा किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# होम्योपैथी दिवस पर हुआ दीक्षांत समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजकीय नेशनल होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, गोमती नगर में विश्व होम्योपैथी दिवस का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1000 से अधिक प्रतिभागियों, प्राचार्य, शिक्षक, चिकित्सक, छात्र-छात्राएं एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

वैज्ञानिक सत्र में विशेषज्ञ वक्ताओं ने होम्योपैथी के सिद्धांतों एवं व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर डॉ. एसएन. सिंह ने होम्योपैथी के मूल सिद्धांत (इनडिवीडयूलाइजेशन एवं लॉ ऑफ मिनिमम डोज) की व्याख्या की और इससे जटिल रोगों के सफल उपचारों के उदाहरण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका "जागृति" (वॉल्यूम-4) का विमोचन विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आकर्षण पोस्टग्रेजुएट (2022 बैच) के 23 छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह रहा। जिसमें उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरित किए गए।

### होम्योपैथी सुरक्षित, प्रभावी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति बनकर उभर रही: उपमुख्यमंत्री

समाज में तेजी से परिवर्तन आ रहा है। जीवनशैली में बदलाव हो रहा है। लोग तनाव की चपेट में आ रहे हैं। इससे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्रभावी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के रूप में एक सशक्त विकल्प बनकर उभर रही है। यह बातें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कही। वह शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लालकुंआ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज भी होम्योपैथिक में है। छोटे बच्चों के दांत निकलने जैसी संवेदनशील अवस्थाओं में भी यह पद्धति पूर्णत: सुरक्षित एवं लाभकारी।

# परीक्षा कराने के एवज में बांटी गई अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में डॉक्टरों को दोगुने वेतन की जांच का मामला**

**अमृत विचार:** अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में चिकित्सकों को करीब दोगुने वेतन के साथ मोटी प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के भी आरोप लगे हैं। पूर्व कुलपतियों के कार्यकाल में सफलतापूर्वक परीक्षा कराने के एवज में दो से पांच लाख रुपये तक अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि बांटी गई। शिकायत के बाद इस दिशा में भी जांच शुरू हो गई है।

सूबे के नर्सिंग, पैरामेडिकल कोर्सों और मेडिकल कॉलेजों में सत्र को पटरी पर लाने के लिए अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई। इसमें प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेज व यूनिवर्सिटी से डॉक्टरों की तैनाती महत्वपूर्ण पदों पर की गई। पूर्व कुलपतियों के कार्यकाल में डॉक्टरों को मूल विभाग से करीब दोगुना वेतन अटल यूनिवर्सिटी में प्रदान किया जा रहा है। शिकायत के बाद शासन के निर्देश पर जांच शुरू हो गई है। शासन ने जल्द रिपोर्ट तलब की है।

जांच के दौरान यह भी पाया गया है कि डॉक्टरों को परीक्षा कराने व परिणाम घोषित करने के एवज में दो से पांच लाख रुपये प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। यही नहीं संविदा कर्मचारियों को 50 हजार रुपये तक बांटे गए। परीक्षा की शुचिता के नाम पर हर साल लाखों रुपये का खेल किया गया है। मामला खुलने के बाद जांच शुरू हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि जिस काम के लिए डॉक्टर व अधिकारियों की तैनाती की गई। उसके बदले पगार दी जा रही है। ऐसे में प्रोत्साहन राशि किस लिए प्रदान की जा रही है? अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी में तैनात डॉक्टर व अधिकारियों को समय पर परीक्षा कराने व परिणाम घोषित करने की ही जिम्मेदारी है।

# शत-प्रतिशत खर्च करें खादी योजनाओं का बजट : सचान

## वित्तीय वर्ष 2026-27 की समीक्षा बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कार्ययोजनाएं समय पर शासन को भेजने व वित्तीय स्वीकृतियां शीघ्र जारी कराने के निर्देश**
- **प्रदर्शनी व जागरूकता कार्यक्रमों का कैलेंडर तय करने पर जोर**

**अमृत विचार:** खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिए कि विभागीय बजट का शत-प्रतिशत उपयोग नवंबर 2026 तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अधिकारियों को सभी योजनाओं के लिए स्पष्ट टाइमलाइन तय करने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को खादी ग्रामोद्योग बोर्ड भवन में आयोजित वित्तीय वर्ष 2026-27 की योजनाओं की मंत्री ने समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागीय सेक्शनों की कार्ययोजनाएं अभी तक शासन को नहीं भेजी गई हैं, उन्हें तत्काल प्रेषित किया जाए। साथ ही जिन प्रस्तावों पर कार्यवाही लंबित है, उनकी वित्तीय स्वीकृतियां शीघ्र जारी कराई जाएं, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई बाधा न आए।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि अधिकतम कार्य दिसंबर 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएं। इसके लिए मंडल-स्तरीय प्रदर्शनियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तृत कैलेंडर तैयार कर समयबद्ध तरीके से आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री सचान ने कहा कि योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर ही प्रदेश में एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र को मजबूती प्रदान की जा सकती है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव हथकरघा एवं खादी अनिल कुमार सागर, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजेंद्र पांडियन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी खादी शिशिर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



खादी ग्रामोद्योग बोर्ड भवन में योजनाओं की समीक्षा बैठक करते खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**अमृत विचार, हरदोई:** भाई और भाभी के साथ बाइक से जा रही महिला अचानक ब्रेकर पड़ने पर उछलकर सड़क पर गिरी। महिला की गोद का दुधमुंहा बच्चा भी छिटकर दूर जा गिरा। हादसे में मां की मौत हो गई जबकि बच्चे का इलाज चल रहा है। पिहानी कोतवाली के सरेंहजूं गांव निवासी बालकराम की पत्नी रेखा (32) गुरुवार को अपने भाई जितेंद्र, उसकी पत्नी ज्योति के साथ बाइक से कुल्लहावर होते हुए महोली जा रही थी। रेखा 7 महीने के अपने दुधमुंहे बच्चे को गोद में लिए हुए थी। बताते ही जितेंद्र की बाइक महोली रोड पर जल्लापुर और कीरतपुर के बीच पहुंची, उसी बीच स्पीड ब्रेकर आने से पीछे बैठी रेखा उछल कर बाइक से नीचे गिर गई। रेखा और उसके बच्चे को सीएचसी पिहानी पहुंचाया गया, जहां रेखा की मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही उसकी बेटियां दुर्गावती, पिंकी, मुस्कान और बेटे अर्जुन, करन व अरुण रोते-बिलखते हुए दौड़ पड़े। पिहानी पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया,हादसे की जांच की जा रही है।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**अमृत विचार, हरदोई:** दादा अपने पोते के साथ बाइक से खाद लेने जा रहा था, उसी बीच सीतापुर रोड पर काला आम और शाहबादपुर के बीच उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल दादा-पोते को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां दादा की मौत हो गई, जबकि पोते का इलाज चल रहा है। टड़ियावां थाने बरगदिया गांव निवासी 60 वर्षीय सीताराम खेती-किसानी करता था। गुरुवार दोपहर सीताराम अपने पोते अजय के साथ खाद लेने बाइक से जा रहा था, उसी बीच हरदोई-सीतापुर रोड पर शाहाबादपुर और काला आम बगिया के बीच सामने से आ रही दूसरी बाइक उसकी बाइक से टकरा गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### 50 हजार के इनामी समेत पांच गिरफ्तार

**अमृत विचार, सीतापुर:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में सकरन, हरगांव, सदरपुर और रामकोट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सकरन पुलिस ने 50 हजार रुपये के ईनामी व अंतर्जनपदीय हिस्ट्रीशीटर अपराधी ओमप्रकाश उर्फ संतोषी रावत को गिरफ्तार किया है। शातिर अपराधी ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। आरोपी पर सीतापुर व बाराबंकी में लूट, हत्या के प्रयास व गैंगेस्टर जैसे करीब 15 मामले दर्ज हैं। वहीं, अन्य कार्रवाई में हरगांव पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर वारंटी सोहन को दबोचा। इसके अलावा सदरपुर पुलिस ने एक और रामकोट पुलिस ने दो वारंटियों शिव कुमार व बेचेलाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### खेत में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**अमृत विचार, सीतापुर:** महोली इलाके के मुसब्बरपुर गांव में तेंदुआ दिखाई दिखा। पगचिन्हों के आधार पर हुई पुष्टि के बाद पिंजरा लगाया गया है। पांच में वन विभाग ग्रामीणों के सहयोग से कांबिंग करा रहा है। किसान अमित, पप्पू, राजू आदि के मुताबिक, कुछ ग्रामीण जानवर चरा रहे थे। इसी दौरान तेंदुए को नीलगायों के झुण्ड पर झपटते हुए देखा गया। विभागीय वन अधिकारी नवीन खण्डेलवाल के मुताबिक इलाके में पिंजरा लगा दिया गया है, रेंजर केएन भार्गव और फारेस्टर विनीत सक्सेना अपनी टीम के साथ काम्बिंग कर रहे हैं।

# अवकाश और रात में बैलेंस खत्म होने पर भी न काटा जाए कनेक्शन

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के ऊर्जा मंत्री ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ







- **स्मार्ट मीटर को लेकर व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाए: एके शर्मा**

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को इनके समाधान के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए हैं। राजधानी के संगम सभागार में आगामी गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के लाभ, उपयोगिता और संचालन प्रणाली को बेहतर ढंग से समझ सकें। साथ ही उपभोक्ताओं को मीटर में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। ऊर्जा मंत्री ने साफ किया कि बैलेंस समाप्त होने से पहले उपभोक्ताओं को समय से सूचना दी जाए। यदि किसी उपभोक्ता का बैलेंस रात में खत्म होता है, तो उसका बिजली कनेक्शन उसी समय नहीं काटा जाएगा। इसी तरह अवकाश के दिनों में भी कनेक्शन विच्छेदित नहीं किया जाएगा। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अलग काउंटर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे कि उपभोक्ताओं को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक मजबूत व जवाबदेह बनाने पर बल दिया। बैठक में गर्मी के दौरान बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। ट्रांसफार्मर, फीडर और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को समय रहते मजबूत करने तथा क्षमता वृद्धि के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### 21 सदस्यीय राज्य सलाहकार समिति गठित ऊर्जा क्षेत्र के नीतिगत मुद्दों पर होगा मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण नीतिगत और उपभोक्ता हितों के मुद्दों पर विचार विमर्श के लिए 21 सदस्यीय राज्य सलाहकार समिति का गठन किया है। शुक्रवार को इस समिति के गठन का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया गया, जिसके साथ ही यह समिति तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो गई है। समिति के पदेन अध्यक्ष राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष होंगे। इसमें ऊर्जा, कृषि, खाद्य, एमएसएमई और आईआईडी जैसे प्रमुख विभागों को शामिल किया गया है। इसके अलावा राज्य स्तरीय ऊर्जा ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण संस्थानों और अधिकारियों को भी समिति में सदस्य बनाया गया है। इसमें पावर कारपोरेशन के एमडी, निदेशक (विद्युत सुरक्षा), नेडा, यूपीएसएलडीसी, निजी डिस्कॉम के प्रतिनिधि के साथ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल किए गए हैं। उपभोक्ता हितों के प्रतिनिधित्व के तहत राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा को एक बार फिर समिति का सदस्य नामित किया गया है। वे पहले से ही केंद्र सरकार की ऊर्जा क्षेत्र की संवैधानिक सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य भी हैं और पूरे देश के उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। परिषद अध्यक्ष ने विश्वास जताया है कि इस समिति के माध्यम से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाए जाएंगे तथा उपभोक्ता हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। यह समिति अब प्रदेश में विद्युत क्षेत्र से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर नीति निर्धारण और सुझाव देने का कार्य करेगी, जिससे ऊर्जा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और उपभोक्ता केंद्रित बनाया जा सके।

### 70 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को पोस्टपेड मोड में किया जाए

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच बढ़ते आक्रोश के बीच उपभोक्ता परिषद ने राज्य सरकार से बड़ा कदम उठाने की मांग की है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई समीक्षा बैठक में दिए गए सख्त निर्देशों का उपभोक्ता परिषद ने स्वागत किया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि परिषद लंबे समय से इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप की मांग कर रही थी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर प्रणाली में मौजूद खामियों को दूर करने के लिए अब सरकार की सक्रियता से उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। परिषद ने प्रमुख मांग रखते हुए कहा है कि पावर कारपोरेशन की ओर से अनिवार्य रूप से नए कनेक्शन केवल प्रीपेड मोड में देने के आदेश को तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही, प्रदेश के लगभग 70 लाख विद्युत उपभोक्ताओं, जिनके कनेक्शन बिना सहमति के प्रीपेड मोड में बदले गए हैं, उन्हें तुरंत पोस्टपेड मोड में किया जाए। यह मुद्दा लंबे समय से प्रदेश में बहस का विषय बना हुआ है, और उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि बिना उपभोक्ता सहमति के प्रीपेड व्यवस्था लागू करना असंतोष को बढ़ा रहा है। परिषद का दावा है कि मुख्यमंत्री के ताजा निर्देशों से इस व्यवस्था में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठने की संभावना है।

# देश का 'डीप टेक कैपिटल' बनेगा यूपी मुख्यमंत्री योगी ने तय किया रोडमैप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी, नोएडा में बनेगा डीप-टेक हब**
- **ड्रोन, एआई, क्वांटम व ग्रीन हाइड्रोजन पर फोकस**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 'डीप टेक कैपिटल' बनाने के लिए स्पष्ट रोडमैप तय करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। 'इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड' के विजन के तहत प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, साइबर सिक्योरिटी और मेड-टेक जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया जाएगा।

शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनींद्र अग्रवाल ने विभिन्न परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के जरिए मेड-टेक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई, जिसे नवंबर से शुरू करने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री ने नोएडा में प्रस्तावित 'यूपी डीप-टेक हब' को नवाचार और उद्योग का केंद्र बताते हुए यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रोन टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए प्रदेश को स्वदेशी ड्रोन निर्माण और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाने की बात कही।

ग्रीन हाइड्रोजन को ऊर्जा का भविष्य बताते हुए इसके उत्पादन, भंडारण और औद्योगिक उपयोग पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। वहीं आयुर्वेद के क्षेत्र में क्लिनिकल वैलिडेशन के लिए देश का पहला संस्थागत केंद्र स्थापित करने पर भी विचार किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि शोध और उद्योग के बेहतर समन्वय से न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## सपा कार्यालय के लिए दान की भूमि

**अमृत विचार, सीतापुर:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और मिश्रिख के पूर्व विधायक स्व. ओमप्रकाश गुप्ता के पुत्र व महोली के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने नया सपा कार्यालय बनाने के लिए खैराबाद रेलवे स्टेशन के सामने, नेशनल हाईवे किनारे स्थित अपनी कीमती निजी भूमि दान कर दी है। विदित हो कि हाल ही में नगर पालिका प्रशासन ने टाउन हॉल स्थित वर्तमान सपा कार्यालय को अवैध बताते हुए उसे हटाने का नोटिस जारी किया था। पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा उनके पिता का सपा से गहरा भावनात्मक लगाव रहा है, जिसे देखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, सौंपा ज्ञापन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र. को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में व्यापक त्रुटियों का आरोप लगाया है। मांग की है कि जिन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, उन्हें 10 से 25 अप्रैल तक जिलाधिकारी स्तर पर अपील का अवसर दिया जाए और इसके लिए स्पष्ट एसओपी जारी की जाए।

प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के 1,77,516 पोलिंग बूथों की अंतिम मतदाता सूची में 'लॉजिकल एरर' और 'नो-मैपिंग' के आधार पर बड़ी संख्या में नाम हटाए गए हैं, जबकि कई नए नाम जोड़े और संशोधित किए गए हैं। पार्टी ने मांग की है कि विधानसभा और बूथवार डिलीटेड, जोड़े गए और संशोधित नामों की सूची सभी राजनीतिक दलों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

ज्ञापन में कुछ उदाहरण भी दिए गए हैं, जिनमें प्रयागराज और गाजीपुर के बूथों पर नाम, फोटो और डुप्लीकेट प्रविष्टियों में गड़बड़ी का उल्लेख है। पार्टी ने घर-घर सत्यापन कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की मांग की है।

# बिना पंजीकरण चल रहा अस्पताल बंद करने के निर्देश

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**कार्रवाई**

- **मुख्य चिकित्सा अधिकारी की छापेमारी से अस्पताल संचालकों में मचा हड़कंप**

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक अस्पताल को बंद करने के निर्देश दिए गए, जबकि दूसरे को नोटिस जारी किया गया। सीतापुर मार्ग पर स्थित मर्सी हॉस्पिटल और स्वालो हॉस्पिटल की जांच के दौरान भारी खामियां पाई गईं।

सीएमओ ने मर्सी अस्पताल के पुनः अवैध रूप से संचालित होने की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाते हुए उसे तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। वहीं, स्वालो हॉस्पिटल के बेसमेंट को बंद करने का निर्देश देते हुए दो दिन के भीतर इसकी फोटो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### शटर गिराकर भागे संचालक

सीएमओ की छापेमारी की सूचना मिलते ही नगर में अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल चला रहे संचालकों में हड़कंप मच गया। कई संचालक आनन-फानन में शटर गिराकर भूमिगत हो गए व विभागीय टीम की लोकेशन का पता लगाते रहे।

## माइनस बैलेंस पर कटा कनेक्शन भाजपा नेता ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के महानगर वार्ड में भाजपा के सेक्टर संयोजक और बूथ अध्यक्ष सीरीष कुमार शर्मा का बिजली कनेक्शन स्मार्ट मीटर में 315 रुपये की नकारात्मक (माइनस) राशि दिखने पर काट दिया गया। शुक्रवार को जैसे ही बिजली आपूर्ति बाधित हुई, सीरीष कुमार शर्मा ने इसकी जानकारी क्षेत्रीय पार्षद हरीशचंद्र लोधी को दी। पार्षद ने संबंधित एक्सईएन को फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद पार्षद ने कंट्रोल सेंटर से संपर्क किया, जहां उन्हें बताया गया कि माइनस बैलेंस होने के कारण बिजली कनेक्शन काटा गया है। इस पर पार्षद ने सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी छोटी राशि के लिए बिजली कैसे काटी जा सकती है। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित सभी कार्रवाई शक्ति भवन स्तर से संचालित होती है और उपभोक्ताओं को सलाह दी कि मीटर को हमेशा पॉजिटिव बैलेंस में रखा जाए। पार्षद ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वह इस मामले की शिकायत बिजली मंत्री सहित उच्च अधिकारियों से करेंगे।

# स्थानीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों से कच्चा माल लेने पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एप्रेजल समिति की बैठक में विभिन्न परियोजनाओं पर मंथन**
- **खाद्य प्रसंस्करण के 13 प्रस्ताव समिति को भेजने की सिफारिश**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत एप्रेजल समिति की बैठक शुक्रवार को खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी एल मीणा ने की।

बैठक में 14 नए और एक पूर्व में स्थगित प्रस्ताव समेत विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें से 13 प्रस्तावों को राज्य स्तरीय समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजने की संस्तुति की गई, जबकि एक प्रस्ताव को मानव उपभोग के लिए उपयुक्त न पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया।

स्वीकृति के लिए सिफारिश किए गए प्रस्तावों में बिस्कुट-टॉफी के लिए स्टार्च यूनिट, मैकरोनी/पास्ता/नूडल्स निर्माण, पोल्ट्री फीड यूनिट, चिकोरी पाउडर, डेयरी विस्तार, सोलर पावर प्लांट, बेकरी, मॉरिंगा उत्पाद और तिलहन-दाल प्रसंस्करण इकाइयां शामिल हैं। समिति ने निर्देश दिया कि इकाइयां कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय किसानों और दुग्ध उत्पादकों से प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। साथ ही फायर, प्रदूषण नियंत्रण और अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं। बैठक में खाद्य प्रसंस्करण नीति के कार्यक्षेत्र के विस्तार पर भी विचार किया गया, जिसमें रेडी-टू-ईट उत्पाद, मसाला, शहद, फ्रूट जूस और पशु चारा निर्माण जैसे क्षेत्रों को शामिल करने की संस्तुति की गई। समिति ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

# बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

संवाददाता, हरदोई





संजेश व शिवम की फाइल फोटो।

- **तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

**अमृत विचार :** दर्ज़ी की दुकान से कपड़े उठाने जा रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे बीच रास्तें में बेकाबू रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए,दोनों को सड़क पर तड़पता देख उन्हे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां पहुंचते ही दोनों ने दम तोड़ दिया। दोनों की मौत से घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

कोतवाली शहर के दरवेशपुर निवासी 22 वर्षीय संजेश पुत्र सुरेश पाल गुड़गांव (हरियाणा) में नौकरी करता था। 15 दिन पहले वह गांव आया था। संजेश गुरुवार की शाम बाइक से दर्ज़ी की दुकान से कपड़े उठाने सधई बेहटा जा रहा था। उसका 19 वर्षीय भतीजा शिवम पुत्र राजेश भी साथ चल दिया। दोनों चाचा-भतीजे जा रहे थे। उसी बीच रास्ते में कुंदौली गांव पहुंचते ही उनकी बाइक को किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद उधर से निकल रहे राहगीरों ने दोनों को सड़क पर घायल पड़ा देखा तो एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही दोनों की मौत हो गई। संजेश की शादी पिछले साल 5 जून को बेहटा गोकुल थाने के कोठिला सरैंया की सुधा के साथ हुई थी, जबकि शिवम दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था, वह भी चाचा मंजेश के साथ गुड़गांव में रुक कर वहां निजी फैक्ट्री में नौकरी कर चुका था। उसने इसी साल नारायण बालिका इण्टर कालेज से इण्टर की परीक्षा दी थी। पिता राजेश ने बताया कि परीक्षा देने के लिए शिवम गुड़गांव से आया हुआ था,नतीजे आने बाद चाचा संजेश के साथ दोबारा वहां जाने की बात करता था।

**स्वास्थ्य** | लाइफस्टाइल एवं डाइजेस्टिव हेल्थ अवेयरनेस सर्वे की रिपोर्ट में खुलासा

# बड़ी आंत के कैंसर को लोग करते हैं नजरंदाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बार-बार मल त्याग की इच्छा को ज्यादातर लोग मानते हैं पाचन संबंधी परेशानी**

**अमृत विचार:** बड़ी आंत के कैंसर को लेकर लोग शुरुआती लक्षणों को भी नजरअंदाज कर देते हैं। कई दिनों तक लक्षण रहने पर भी लोग मेडिकल स्टोर से दवा खाकर परेशानी को दूर करने का प्रयास करते हैं। बार-बार मल त्याग करने की इच्छा को भी लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसे पाचन संबंधी परेशानी मानते हैं। जीवनशैली में बदलाव कर ठीक करने का प्रयास करते हैं। यह चौंकाने वाली सच्चाई लाइफस्टाइल एवं डाइजेस्टिव हेल्थ अवेयरनेस सर्वे में सामने आई है।

शुक्रवार को प्रेसक्लब में सर्वे में जुटाए गए तथ्यों की जानकारी साझा की गई। 14 शहरों के 25 से 65 वर्ष आयु वर्ग के 10,198 लोगों को शामिल किया गया। इसमें लखनऊ के 557 लोग शामिल हुए। जिनमें 258 पुरुष और 299 महिलाएं थीं। मर्क स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड की सहायता से लाइफस्टाइल एवं डाइजेस्टिव हेल्थ अवेयरनेस सर्वे किया गया। सर्वे में लखनऊ में चिंताजनक रुझान सामने आए। जहां



लगभग 90 प्रतिशत लोग पेट संबंधी समस्याओं के लिए खुद ही इलाज करने की बात कुबूल की। 85.6 प्रतिशत लोगों ने लोग मल त्याग की आदतों में बदलाव होने पर मेडिकल स्टोर से दवा खरीदकर खाने की बात स्वीकारी। साथ में जीवनशैली में बदलाव का सहारा लिया। वहीं 61.2 प्रतिशत लोगों ने अनियमित मल त्याग की इच्छा होने की बात कही।

मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक पाठक ने बताया कि सर्वे में शामिल 50 प्रतिशत लोगों ने सप्ताह में कम से कम तीन बार बाहर या पैकेज्ड भोजन करने की बात कुबूली। 28.1 प्रतिशत लोग लगभग रोज बाहर खाना खाते हैं। केवल 45.2 प्रतिशत लोग नियमित व्यायाम करते हैं। जबकि 54.8 फीसदी लोग सप्ताह में तीन बार भी व्यायाम नहीं करते। 39.9 प्रतिशत लोगों ने तंबाकू सेवन की बात स्वीकार की। जो पेट संबंधी बीमारी अहम कारण है। सिर्फ 18 फीसद लोगों को ही मल से खून आने से कैंसर का खतरा होने की जानकारी थी।

## न्यूज ब्रीफ

### बाजार गई महिला, घर में घुस गए चोर

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद शहर के सुंदरनगर मोहल्ले में दिनदहाड़े चोरों ने घर में घुसकर सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और गहनता से जांच पड़ताल की। पीड़ित देवीसरन शहर के एक होटल में मैनेजर है। जबकि उनके बेटे सिंचाई विभाग में नौकरी करते है। 9 अप्रैल को बाप-बेटे अपने-अपने काम पर चले गए। घर पर अकेली देवी सरन की पत्नी थी। पत्नी भी दोपहर में बाजार करने चली गई। उसी दौरान दो चोर आए और दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। कोतवाल जय प्रकाश दूबे ने बताया कि पीड़ित परिजन पहले बैग से 10 हजार रूपये चोरी होने की बात बताए, लेकिन बाद में बैग में ही रुपये मिल गया। थम दृष्टया चोरी के प्रयास का मामला सामने आया है।

### एकेडमी को मिली सीबीएसई की मान्यता

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय के भीमापार स्थित डीएवी एजूकेशनल एकेडमी को सीबीएसई नई दिल्ली ने मान्यता प्रदान की है। सीबीएसई ने 1 अप्रैल 2026 से डीएवी एजुकेशनल एकेडमी को मान्यता प्रदान करते हुए एफिलिएशन नम्बर भी अलॉट कर दिया है। यह जानकारी देते हुए डीएवी स्कूल के प्रबंधक/निदेशक बीपी त्रिपाठी ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने डीएवी एजूकेशनल एकेडमी भीमापार, को एक अप्रैल 2026 से संबद्धता प्रदान की है।

### स्टेशन पर अनधिकृत पानी की बोतलें जब्त

**गोरखपुर, अमृत विचार।** आनधिकृत पानी की बोतलों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को को गोरखपुर जं. स्टेशन पर स्टेशन निदेशक/गोरखपुर जं0 रतन दीप गुप्ता की टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई में कुल 444 अनधिकृत पानी की बोतलें जब्त की गईं। जब्त की गई पानी की बोतलों को अग्रिम कार्रवाई हेतु लास्ट प्रापर्टी आफिस (एल.पी.ओ.) भेज दिया गया है।

# एसिड अटैक संगीन अपराध, निष्पक्ष व गहन जांच अनिवार्य : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**



- न्यायाधीश ने दर्ज एफआईआर को रद करने से किया इनकार

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद से उत्पन्न एसिड हमले की साजिश के गंभीर आरोपों वाले मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि एसिड अटैक प्रथम दृष्टया एक संगीन आपराधिक षड्यंत्र है, जिसकी निष्पक्ष और गहन जांच अनिवार्य है। ऐसे मामलों में पीड़ित को शारीरिक ही नहीं, बल्कि आजीवन मानसिक और सामाजिक क्षति का सामना करना पड़ता है। ऐसे अपराधों में अपराध की योजना और क्रूरता का स्तर अधिक होता है। इसके अलावा कोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी तीखी टिप्पणी करते हुए चेतावनी दी कि संबंधित मामलों में आवश्यक रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत न करने पर संबंधित अधिकारियों को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ेगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने 6 दिसंबर 2025 को पुलिस स्टेशन करछना, प्रयागराज में बीएनएस की धाराओं 352, 351(3) और 124(1) के तहत दर्ज मामले में अरुण शुक्ला द्वारा दाखिल आपराधिक रिट याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। एफआईआर के तथ्यों के अनुसार वादी और आरोपियों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते वादी पर संक्षारक एसिड से हमला करने की सुनियोजित साजिश रची गई। घटना में एक आरोपी (रोहित शर्मा) को मुख्य रूप से हमले को अंजाम देने वाला बताया गया, जबकि याची सहित अन्य आरोपी इस साजिश के पीछे सक्रिय रूप से जुड़े हुए बताए गए हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि इस स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) या अपर मुख्य सचिव (गृह) को तलब करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, साथ ही आदेश की प्रति 24 घंटे के भीतर संबंधित उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

## उचित कानूनी प्रावधानों के अभाव में भर्ती प्रक्रिया का सही अनुपालन वैध नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि कानूनी वैधता केवल प्रक्रिया के पालन से नहीं मिलती है। अगर सही कानूनी प्रावधानों के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है तो ऐसी नियुक्ति शुरू से ही अवैध और असंवैधानिक मानी जाएगी। कोर्ट में जोर देकर कहा कि किसी भी नियुक्ति या सरकारी प्रक्रिया के लिए वर्तमान में लागू नियम ही वैध होते हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने रितु मिश्रा और तीन अन्य की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल एंग्लो जूनियर हाई स्कूल, पेरसिया, गोरखपुर 1980-81 में जूनियर हाई स्कूल स्तर तक ग्रांट-इन-एड सूची में शामिल किया गया था। प्रारंभ में एक हेड मास्टर और चार सहायक शिक्षक के पद थे। 2008 से 2012 तक ये शिक्षक सेवानिवृत्त हुए। 2015 में इन खाली पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया। याचिकाकर्ताओं ने स्नातक और बी.एड. योग्यता के साथ टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट उत्तीर्ण किया और चयन समिति के समक्ष चयन प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति प्राप्त की। याचियों का दावा है कि नियुक्ति पूरी तरह 1978 के नियमों के अनुसार हुई। शासनादेश अधिनियम का उल्लंघन किए बिना रद्द नहीं किए जा सकते और कमीश्नर का हस्तक्षेप अनुचित था।

## पारिवारिक विवाद को सेक्स रैकेट से जोड़ने पर कोर्ट नाराज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद को सनसनीखेज आरोपों के माध्यम से 'सेक्स रैकेट' से जोड़ने के प्रयास पर कड़ी आपत्ति जताते हुए स्पष्ट किया कि न्यायालय का मंच व्यक्तिगत वैमनस्य या चरित्रहनन के लिए नहीं है। कोर्ट ने कहा कि बिना ठोस और विश्वसनीय साक्ष्यों के केवल आरोपों के आधार पर न तो पुलिस जांच का आदेश दिया जा सकता है और न ही एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने शिवराम की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची ने अपनी पत्नी और बेटियों पर अनैतिक गतिविधियों तथा शहर में कथित सेक्स रैकेट से जुड़े होने के आरोप लगाए थे।

## बोर्ड परीक्षा में पास कराने के नाम पर ठगी

**संतकबीरनगरः अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर साइबर अपराधी परीक्षार्थियों को निशाना बना रहे हैं। जिले में ठगी का ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें बेलहर क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट परीक्षार्थी से 18 हजार रुपये ठग लिए गए। सूचना मिलने पर साइबर क्राइम पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 15 हजार रुपये होल्ड करा दिए हैं, जबकि शेष रकम की रिकवरी के प्रयास जारी हैं। बेलहर थाना क्षेत्र के बूढ़ी बेलहर निवासी पीड़ित ने हाल ही में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा दी थी। गुरुवार को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को प्रयागराज स्थित यूपी बोर्ड कार्यालय से बताते हुए कहा कि वह परीक्षा में फेल हो रहा है। इसके बाद पास कराने के नाम पर कुल 18 हजार रुपये ऐंठ लिये।

# सीतापुर में लैब टेक्नीशियन की गोली मारकर हुई हत्या, आरोपी हिरासत में

## लैब संचालक रिटायर्ड सिपाही के बेटे ने कहासुनी के बाद वारदात को दिया अंजाम

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचारः** सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी के बेटे ने गुस्से में लैब टेक्नीशियन को गोली मार दी। हत्या के दौरान आरोपी युवक ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर का इस्तेमाल किया। सीओ सदर का कहना है कि असलहे को जब्त करके आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में आरोपी के मानसिक रूप से बीमार होने की बात सामने आई है।

शहर से सटे नेपालापुर चौराहे पर एनएनडी फैमिली मॉल के नजदीक सरोज चैरिटेबल ब्लड बैंक है। इसमें आजमगढ़ वासी लैब टेक्नीशियन सतीश यादव (35) कार्यरत रहा है। बताते हैं कि लैब का संचालन सेवानिवृत्त मुख्य आरक्षी राजकुमार सिंह कर रहा था। घर से लगे लैब में सतीश यादव देर रात कार्य कर रहा था। बताते हैं कि इस दौरान किसी बात को लेकर लैब संचालक के पुत्र शिवेश सिंह से नोक-झोंक हो गई। कुछ ही देर में विवाद गहराया गया और शिवेश भागकर अपने पिता के कमरे में पहुंचा वहां से बैग में रखी लाइसेंसी रिवाल्वर को उठा लाया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोली सतीश यादव को लगीं। फायरिंग की आवाज सुनकर राहगीर इकट्ठा हो गए। पुलिस भी आ पहुंची। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि लैब टेक्नीशियन सतीश यादव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार से पूछताछ में पता चला है कि आरोपी शिवेश मानसिक बीमारी 'बाइपोलर डिसऑर्डर' से ग्रसित है जिसमें व्यक्ति को अचानक अत्यधिक गुस्सा आता है। आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त रिवॉल्वर जब्त कर लिया गया है।



वारदात के बाद मौके पर मौजूद पुलिस।

- प्रारंभिक जांच में आरोपी को मानसिक रूप से बताया जा रहा बीमार



आरोपी शिवेश।

## सपा कार्यालय पर मनी चन्द्रगुप्त मौर्य की जयंती

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय शोहरतगढ़ में शुक्रवार को सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की जयन्ती सादगीपूर्ण तरीके से मनाई गयी। कार्यक्रम में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने कहा चन्द्रगुप्त मौर्य प्राचीन भारत के महान सम्राट और मौर्य साम्राज्य के संस्थापक थे। जिन्होंने भारत को पहली बार एक राजनीतिक सूत्र में पिरोकर अखण्ड भारत की नींव रखी। समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों और मूल्यों का सदैव सम्मान करती है। समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अखिलेश मौर्या ने कहा कि मौर्य समाज का इतिहास बेहद समृद्ध रहा है। सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य का कालखण्ड मौर्य साम्राज्य का स्वर्णिम काल रहा है। इस अवसर पर अजय चौरसिया राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा, जिला सचिव इरशाद, संजय यादव, शादाब खान, दयानन्द पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गोली चलवाने के 90 फीसदी मामले राजनीतिक होते हैं

- अयोध्या गोली कांड पर पहली बार बोले मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचारः** राम मंदिर आंदोलन के दौरान सन् 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने पहली बार कहा कि गोली चलवाने के 90 फीसदी मामले राजनीतिक होते हैं। कुछ मामलों में 10 फीसदी राय मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी की होती है। जिले के पत्रकारों को शुक्रवार को श्री राम मंदिर दिखाने के लिए ले जाया गया था। वहां पत्रकारों ने मुलायम सिंह के शासन काल में अयोध्या में कारसेवकों पर हुए गोली कांड के आरोप के मुद्दे पर सवाल उठाया। कहा कि अखिलेश भी इस पर सवाल उठाते रहे हैं तो नृपेंद्र ने शायद पहली बार मुंह खोला। कहा कि वह मुलायम सिंह यादव सरकार में प्रमुख सचिव थे और कल्याण सिंह सरकार में भी प्रमुख सचिव थे। कहा कि अखिलेश देश के सम्मानित राजनेता के सुपुत्र हैं, उन्हें तो सारी जानकारी होगी। बोले कि ऐसे निर्णय प्रमुख सचिव स्तर के नहीं होते। ऐसे निर्णय 90 फीसदी राजनीतिक होते हैं। इसमें 10 फीसदी राय गृह सचिव, मुख्य सचिव और डीजी पुलिस की होती है। उन्होंने सन् 1992 में विवादित ढांचा ढहाए जाने के समय का जिक्र करके इसकी पुष्ट कर दी। कहा कि मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के सामने भी पत्रावली प्रस्तुत की गई थी। कहा गया कि अयोध्या में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई।



नृपेंद्र मिश्र, अध्यक्ष, श्रीराम मंदिर निर्माण समिति।

# 41 एकड़ में बनेगा इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग पार्क

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर।**

- ट्रांस गंगा सिटी में यूपीसीडा ने कर दिया इकाइयों के लिए अलग जमीन का प्रावधान

**अमृत विचार।** ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में इलेक्ट्रानिक एंड मैन्यूफैक्चरिंग पार्क की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। यूपीसीडा ने इसके लिए 41 एकड़ जमीन रिजर्व करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी है। अब इस पार्क में कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, ऑटोमोटिव और औद्योगिक इलेक्ट्रानिक सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर और संचार उपकरणों का विनिर्माण करने वाली इकाईयां लगाई जा सकेंगी। माना जा रहा है कि भूमि रिजर्व किए जाने से अब यहां कई स्टार्टअप और एमएसएमई इकाइयां जल्दी ही स्थापित होंगी।

ट्रांस गंगा सिटी परियोजना 1144 एकड़ से ज्यादा भूमि पर फैली है। यहां औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय भूखंडों को मिलाकर एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय डिजाइन मानक, अबाध बिजली और जलापूर्ति, सीवेज और सड़कों की बेहतर व्यवस्था तथा कानपुर तथा लखनऊ से तेज कनेक्टिविटी को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि यहां इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट तेजी से स्थापित हो सकेंगी। जानकारी के मुताबिक कुछ कंपनियां इस संबंध में पहले से ही प्रयासरत भी हैं। ट्रांस गंगा सिटी में अत्याधुनिक लिथियम-आयन बैटरी फैक्ट्री जल्दी ही स्थापित होने वाली है। इसे मार्स मोबिलिटी कंपनी बना रही है। इस फैक्ट्री के शुरू होने से इलेक्ट्रिक व्हीकल कारोबार को आगे बढ़ाने में बड़ा कदम साबित होगी। करीब 9,800 वर्ग मीटर (लगभग 2.4 एकड़) में बन रही इस यूनिट का सिविल कंस्ट्रक्शन लगभग पूरा हो चुका है। कंपनी प्रतिनिधियों के अनुसार जल्द ही मशीनरी का इंस्टॉलेशन शुरू किया जाने वाला है। इस यूनिट में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स और थ्री व्हीलर्स के लिए हाई-कैपेसिटी बैटरी पैक तैयार किए जाएंगे।

## घर घर जनसंपर्क कर बांटा पत्रक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा चल रहे ग्राम बस्ती चलो अभियान के निमित्त गांव गांव जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।इसी क्रम में विकास खंड लोटन के एंगडेंगवा में निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जनसंपर्क करते हुए मोदी – योगी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक वितरण किया। कन्हैया पासवान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विगत 9 वर्षों से उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त करते हुए कानून का राज स्थापित किया।

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, संतकबीरनगरः**

**अमृत विचार।** दुधारा क्षेत्र के सेमरियावां बाजार से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। वहीं, मामले में पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे गांव के ही पड़ोसी युवक को शुक्रवार को दानोंकुइंया तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र का एक युवक 31 मार्च को परिवार के साथ सेमरियावां बाजार खरीदारी करने आया था। वह वाहन पार्क करने के लिए ब्लॉक परिसर में चला गया, जबकि उसकी पत्नी, भाभी और 16 वर्षीय भतीजी बाजार में कपड़े खरीद रही थीं। इसी दौरान किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। थोड़ी देर बाद अज्ञात नंबर से कॉल कर किशोरी ने खुद को कमरे में बंद होने और तीन लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी की बात कहकर फोन काट दिया था। इस पर पीड़िता के चाचा की तहरीर पर दुधारा पुलिस ने एक अप्रैल को तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एसओ अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि प्रकरण की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दुधारा पुलिस व सर्विलांस टीम लगाई गई थी। इसी दौरान पता चला आरोपी युवक पीड़िता के गांव का पड़ोसी है। इस पर थाने के सब इंस्पेक्टर शोभनाथ और हेड कांस्टेबल जयचंद्र कन्नौजिया व अन्य पुलिस टीम ने जांच और लोकेशन के आधार पर शुक्रवार को आरोपी को दबोच लिया।

## आग लगने से करीब 3 दर्जन किसानों की फसल जली

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** शोहरतगढ़ तहसील व थाना अन्तर्गत धनौरा गांव में काशी प्रसाद के सिवान में आग लग गयी, जिसके कारण पछुआ हवा के ताण्डव से शुक्रवार को 35 किसानों की लगभग 40 बीघा खड़ी फसल (गेहूं) जलकर राख हो गयी। आग के ताण्डव को किसानों ने कड़ी मशक्कत से काबू पाया। वहीं किसानों ने आग के ताण्डव की सूचना फायर ब्रिगेड को दी, लेकिन सूचना देने के बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने आग के ताण्डव को किसी तरह बुझाया। किसानों के सिवान में लगी आग से पीड़ित राम सज्जन चौधरी, चन्द्रशेखर, उमाशंकर, रामकेश, जगजीवन, सजीवन, जोखू प्रसाद, सुभाष सहित लगभग 35 किसान प्रभावित हो गये। उक्त सिवान में लगी आग की सूचना पर हल्का लेखपाल शिवकुमार यादव पहुंचकर मौका पर मुआयना किया और किसानों को ऑनलाइन जन सेवा केन्द्र के माध्यम से फसल का आकलन कर राहत दिलाने का भरोसा दिया।

# समय के साथ समाज में आये बड़े बदलाव : डीआईजी

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत शुक्रवार को स्थानीय शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत, मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर छात्राओं ने अतिथियों को बैज, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजीव त्यागी डीआईजी (पुलिस उपमहानिरीक्षक) ने कहा कि समय के साथ समाज में बड़े बदलाव आये हैं। पहले कृषि कार्य में नंदी (बैल) की भूमिका महत्वपूर्ण थी, लेकिन अब उसकी जगह आधुनिक कृषि यंत्रों ने ले ली है। उन्होंने कहा कि भारत पारम्परिक रूप से पुरुष प्रधान समाज रहा है, लेकिन बदलती अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना के कारण महिलाएं आज पुरुषों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन, आत्मनिर्भरता तथा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही मोबाइल के दुष्प्रभावों के प्रति भी सचेत किया। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ0 अभिषेक महाजन (पुलिस अधीक्षक) ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सभी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किये गये हैं।



मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद डीआईजी संजीव त्यागी।

## कुशीनगर में निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन

**कुशीनगर, अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद कुशीनगर में निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभाओं की बूथवार मतदाता सूची की एक-एक प्रति सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई गई।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में पुनरीक्षण के दौरान मतदाता संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। दिनांक 27.10.2025 को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के समय कुल 26,95,030 मतदाता थे। इसके पश्चात 06.01.2026 को आलेख्य प्रकाशन के समय कुल 21,92,390 मतदाता दर्ज हुए, जिनमें 11,99,539 पुरुष, 9,92,759 महिला एवं 92 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल थे। अंतिम प्रकाशन (10.04.2026) के समय कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 23,21,867 हो गई है।

**आयोजन** — 9वीं जिला रैली के समापन की पूर्व संध्या पर रेलवे स्काउट कुटीर गोरखपुर में महाशिविराग्निी कार्यक्रम का आयोजन

# युवाओं को सुयोग्य नागरिक बनाती है स्काउट एवं गाइड्स

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला मुख्यालय की ओर से 7 से 11 अप्रैल के बीच '9वीं जिला रैली' का आयोजन किया गया। जिसके समापन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को रेलवे स्काउट कुटीर गोरखपुर में महाशिविराग्निी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उदय बोरवणकर ने किया।

महाप्रबंधक ने विभिन्न जिला संघो द्वारा लगाई गई कैम्प, क्राफ्ट, रंगोली एवं फूड प्लाजा प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

महाप्रबन्धक ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड्स एक ऐसी सुसगंठित सामाजिक संस्था है, जो बालक-बालिकाओं में बचपन से ही मानवीय मूल्यों का बीजारोपण कर उन्हें एक सुयोग्य नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने स्काउट गाइड द्वारा महाशिविराग्नि कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए भाग लेने वाले सभी सदस्यों के साथ ही रैली को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महाशिविराग्नि कार्यक्रम के अन्तर्गत स्काउट्स गाइड्स द्वारा मनमोहक एवं शिक्षाप्रद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई जिसमें विशेष रूप से गणेश वंदना, भोजपुरी, राजस्थानी, पहाड़ी लोकनृत्य, भरतनाट्यम लोकनत्य नाटिका एवं शिवतांडव आदि की प्रस्तुति सहराहनीय रही। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य के मुख्य राज्य आयुक्त एवं मुख्य इंजीनियर/टी.एम.सी. संजय यादव ने राज्य एवं जिला संघ के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि महाप्रबन्धक के साथ उपस्थिति सभी का स्वागत किया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अरविन्द चन्द, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती सारिका राय एवं जिला सचिव शैलेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में पूर्वोत्तर रेलवे राज्य के जिला संघ इज्जतनगर, लखनऊ, गोण्डा, गोरखपुर, रेलवे स्कूल, वाराणसी, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स से लगभग 350 कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं उनके लीडर्स ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर।

## ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए 05033/05034 गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस-गोमती नगर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन गोमती नगर से 13 अप्रैल से 11 मई तक प्रत्येक सोमवार को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 14 अप्रैल से 12 मई तक प्रत्येक मंगलवार को 05 फेरों के लिये किया जायेगा। 05033 गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 13 अप्रैल से 11 मई तक प्रत्येक सोमवार को गोमती नगर से 14.00 बजे प्रस्थान करेगी। 14 अप्रैल से 12 मई तक प्रत्येक मंगलवार को बान्द्रा टर्मिनस से 23.00 बजे प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### स्टेशन का नाम बदला

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर अजमेर मंडल के अन्तर्गत जवाई बांध (जे.डब्ल्यू.बी.) स्टेशन का नाम परिवर्तित करके सुमेरपुर जवाई बांध (एस.जे.डब्ल्यू.बी.) करने का निर्णय लिया गया है।

## असम के सीएम की टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन

**संतकबीरनगरः अमृत विचार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोशित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को खलीलाबाद के बैंक चौराहे पर असम के मुख्यमंत्री डा. हिमंत बिश्व शर्मा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और उनका पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। उनका आरोप था कि मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं—राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, खड़गे और राहुल गांधी—के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां की हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं।

